INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

REET

Level – 1

राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा

ॐ सरस्वती मया दृष्ट्वा, वीणा पुस्तक धारणीम।

हंस वाहिनी समायुक्ता मां विद्या दान करोतु में ॐ।।

भाग – 5

बाल विकास एवं शिक्षण विधियाँ

प्रस्तावना

*प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) लेवल – I**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **राजस्थान माध्यमिक शिक्षा बोर्ड** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा **"राजस्थान शिक्षक पात्रता परीक्षा (REET) लेवल – I भर्ती परीक्षा"** में पूर्ण संभव मदद करेंगें /*

अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/

प्रकाशकः

INFUSION NOTES

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com

WhatsApp करें – https://wa.link/hs2x82

Online Order करें – https://rb.gy/m9e4br

मूल्य : ₹	***संस्करण : नवीनतम***

क्र. सं.	अध्याय	पेज नं.
1.	मनोविज्ञान व शिक्षा मनोविज्ञान	1
2.	बाल विकास • वृद्धि एवं विकास की संकल्पना • विकास के विभिन्न आयाम एवं सिद्धांत • विकास को प्रभावित करने वाले कारक • अधिगम से उनका सम्बन्ध	10
3.	वंशानुक्रम एवं वातावरण की भूमिका	26
4.	व्यक्तिगत विभिन्नता	29
5.	व्यक्तित्व	32
6.	बुद्धि की संकल्पना	37
7.	विविध अधिगम कर्ताओं की समझ	44
8.	अधिगम में कठिनाइयाँ	49
9.	समायोजन की संकल्पना एवं तरीके	51
10.	अधिगम • अधिगम का अर्थ एवं संकल्पना, अधिगम को प्रभावित करने वाले कारक • अधिगम के सिद्धांत एवं इनके निहितार्थ • बच्चे सीखते कैसे हैं ?	55

	• अधिगम की प्रक्रियाएं चिंतन, कल्पना एवं तर्क • अभिप्रेरणा	
11.	शिक्षण अधिगम	72
12.	मापन एवं मूल्यांकन • मूल्यांकन (अर्थ व उद्देश्य) • समग्र एवं सतत मूल्यांकन • उपलब्धि परीक्षण का निर्माण • सीखने के प्रतिफल	85
13.	क्रियात्मक-अनुसंधान	96
14.	शिक्षा का अधिकार अधिनियम – 2009	98

अध्याय – I

मनोविज्ञान व शिक्षा मनोविज्ञान

मनोविज्ञान

अर्थ – मनोविज्ञान एक ऐसा विज्ञान है, जो प्राणियों के व्यवहार एवं मानसिक तथा दैहिक प्रक्रियाओं का अध्ययन करता है। व्यवहार में मानव व्यवहार के साथ-साथ पशु-पक्षियों के व्यवहार को भी सम्मिलित किया जाता है।

- "मनोविज्ञान" शब्द का शाब्दिक अर्थ है- मन का विज्ञान अर्थात् मनोविज्ञान अध्ययन की वह शाखा है जो मन का अध्ययन करती है। मनोविज्ञान शब्द अंग्रेजी भाषा के Psychology शब्द से बना है।
- 'साइकॉलोजी' शब्द की उत्पति यूनानी (लैटिन) भाषा के दो शब्द 'साइकी (Psyche) तथा लोगस (Logos) से मिलकर हुई है। 'साइकी' शब्द का अर्थ -आत्मा है जबकि लोगस शब्द का अर्थ -अध्ययन या ज्ञान से है ।
- इस प्रकार से हमने समझा की अंग्रेजी शब्द "साइकॉलोजी" का शाब्दिक अर्थ है- आत्मा का अध्ययन या आत्मा का ज्ञान।

मनोविज्ञान का विकास / उत्पत्ति – प्लेटो , अरस्तू जैसे दार्शनिकों ने मानव मस्तिष्क को समझने व जानने के लिए तथा शरीर से उसका सम्बन्ध समझाने की कोशिश की ।

हिप्पो क्रेटिस ने सबसे पहले इस विचार का प्रतिपादन किया कि मस्तिष्क चेतना का केंद्र है तथा समस्त मानसिक रोगों के कारणों का विवेचन किया । जैसे – कला, रक्त, कफ व पीला पित्त

- सुकरात ने विचार दिया की मनुष्य को स्वयं के बारे में सोचना चाहिए । प्लेटो ने (ई. पूर्व 5 वीं -4 वीं सदी) आत्मा ही परमात्मा का विचार दिया तथा अरस्तू ने 384 ई. पू. से 322 ई. में दर्शनशास्त्र में आत्मा का अध्ययन किया, यही आत्मा का अध्ययन आगे चलकर आधुनिक मनोविज्ञान बना, इसलिए अरस्तू को मनोविज्ञान का जनक माना जाता है तथा अरस्तू के काल से ही मनोविज्ञान जन्म माना जाता है ।

दोस्तों, अब हम मनोविज्ञान की कुछ विचारधाराओं को समझते हैं -

1. **मनोविज्ञान आत्मा का विज्ञान**- यह मनोविज्ञान की प्रथम विचारधारा है जिसका समय आरम्भ से 16वीं सदी तक माना जाता है। इस विचारधारा के समर्थक प्लेटो, अरस्तू, देकार्ते, सुकरात आदि को माना जाता है। यूनानी दार्शनिकों ने मनोविज्ञान को आत्मा के विज्ञान के रूप में स्वीकार किया है। साइकॉलोजी शब्द का शाब्दिक अर्थ भी "आत्मा के अध्ययन" की ओर इंगित करता है।
2. **मनोविज्ञान मन /मस्तिष्क का विज्ञान** – यह मनोविज्ञान की दूसरी विचारधारा है जिसका समय 17 वीं से 18वीं सदी तक माना जाता है। इस विचारधारा के समर्थक जॉन लॉक, पेम्पोलॉजी, थॉमस रीड आदि थे। आत्मा के विज्ञान के रूप में मनोविज्ञान की परिभाषा के अस्वीकृत हो जाने पर मध्ययुग (17वी शताब्दी) के दार्शनिकों ने मनोविज्ञान को मन के विज्ञान के रूप में परिभाषित किया। इनमें मध्ययुग के दार्शनिक पेम्पोलॉजी का नाम विशेष रूप से उल्लेखनीय है।
3. **मनोविज्ञान चेतना का विज्ञान** – यह मनोविज्ञान की तीसरी विचारधारा है जिसका समय 19वीं शताब्दी माना जाता है। इस विचारधारा के समर्थक विलियम वुट, ई.बी.टिचनर, विलियम जेम्स, आदि को माना जाता है। मनोवैज्ञानिकों के द्वारा मन या मस्तिष्क के विज्ञान की जगह मनोविज्ञान को चेतना के विज्ञान के रूप में व्यक्त किया गया। टिचनर, विलियम जेम्स, विलियम वुट आदि विद्वानों ने मनोविज्ञान को चेतना के विज्ञान के रूप में स्वीकार करके कहा कि मनोविज्ञान चेतन क्रियाओं का अध्ययन करता है।
4. **मनोविज्ञान व्यवहार का विज्ञान** - यह मनोविज्ञान की नवीनतम विचारधारा है जिसका समय बीसवीं शताब्दी के प्रारम्भ से आज तक माना जाता है।यह मनोविज्ञान की सबसे महत्वपूर्ण विचारधारा है। इस विचारधारा के समर्थक वाट्सन, वुडवर्थ, स्किनर आदि को माना जाता है। मनोविज्ञान को व्यवहार के विज्ञान के रूप में स्वीकार किया जाने लगा। वाट्सन, वुडवर्थ, स्किनर आदि मनोवैज्ञानिकों ने मनोविज्ञान को व्यवहार के एक निश्चित विज्ञान के रूप में स्वीकार किया। वर्तमान समय में मनोविज्ञान की इस विचारधारा को ही एक सर्वमान्य विचारधारा के रूप में स्वीकार किया जाता है।

मनोविज्ञान की परिभाषाएं

वुडवर्थ –"सर्वप्रथम मनोविज्ञान ने अपनी आत्मा को छोड़ा। फिर इसने अपने मन को त्यागा। फिर इसने चेतना खोई। अब वह व्यवहार को अपनाये हुए है।

वॉटसन –"मनोविज्ञान व्यवहार का शुद्ध विज्ञान/ सकारात्मक अध्ययन है।"

मैक्डूगल – "मनोविज्ञान व्यवहार एवं आचरण का विज्ञान है।"

स्किनर – "मनोविज्ञान व्यवहार एवं अनुभव का विज्ञान है।"

क्रो एवं क्रो - "मनोविज्ञान मानव व्यवहार एवं मानवीय संबंधों का अध्ययन है।"

वुडवर्थ - "मनोविज्ञान वातावरण के सम्पर्क में होने वाले व्यवहार का अध्ययन है।"

जेम्स ड्रेवर – "मनोविज्ञान शुद्ध विज्ञान है।"

बोरिंग एवं लेंगफील्ड - "मनोविज्ञान मानव प्रकृति का अध्ययन है।"

मन – "मनोविज्ञान वैज्ञानिक खोज से संबंधित है।"

गैरिस – "मनोविज्ञान मानव के प्रत्यक्ष मानव व्यवहार का अध्ययन है।"

मैक्डूगल- मनोविज्ञान जीवित वस्तुओं के व्यवहार का विधायक विज्ञान है।"

मनोविज्ञान के सम्प्रदाय

1. संरचनावाद सम्प्रदाय –

- यह मनोविज्ञान का प्रथम सम्प्रदाय है जिसके प्रवर्तक विलियम वुण्ट, टिचनर आदि है।
- विलियम वुंट ने 1879 में लिपजिंग नामक स्थान पर जर्मनी में एक प्रयोगशाला बनाई। इनके विचार के अनुसार छोटे – छोटे प्रत्यय मिलकर एक संगठित प्रकार की संरचना का निर्माण कर लेते हैं।
- इस सम्प्रदाय के अनुसार मनुष्य की चेतना में मानसिक तत्वों का महत्वपूर्ण स्थान है। चेतना में संवेदना, प्रत्यक्ष ज्ञान, कल्पना(भाव) आदि सम्मिलित हैं। संरचनावाद में अंतर दर्शनात्मक विश्लेषण के द्वारा मन और चेतना के स्वरूप को जानने का प्रयास किया जाता है।

2. प्रकार्यवाद सम्प्रदाय –

- इस सम्प्रदाय के प्रवर्तक विलियम जेम्स हैं। (अमेरिकी विद्वान)
- प्रकार्यवाद सम्प्रदाय के अनुसार मानसिक क्रियाएँ गतिशील और सप्रयोजनीय होती हैं।
- प्रकार्यवादियों ने संपूर्ण व्यक्ति के अध्ययन पर जोर दिया और मनोविज्ञान तथा जीव विज्ञान में घनिष्ठ संबंध स्थापित किया।
- इस संप्रदाय का विकास एवं विशेष प्रचलन में लाने का श्रेय अमेरिकी शिक्षाविद् जॉन डीवी को जाता है।

3. साहचर्यवाद सम्प्रदाय –

- इस सम्प्रदाय की स्थापना जॉन लॉक ने की थी। (इंग्लैण्ड निवासी)
- इसके अंतर्गत स्पंदन तथा स्मृति में संबंध ज्ञात करने के साहचर्य को स्वीकार किया गया है।
- कोई भी बालक जन्म के बाद जिस वातावरण के संपर्क में साहचर्य व्यवहार करता है उसी के अनुसार वह अपना व्यवहार भी करता है।
- जॉन लॉक ने ही कहा था – "जन्म के समय बालक का मस्तिष्क कोरे कागज के समान होता है जिस पर वह साहचर्य व्यवहार से अपने अनुभव लिखता है।"

4. व्यवहारवाद सम्प्रदाय –

- इस सम्प्रदाय के प्रतिपादक जे.बी. वॉटसन को माना जाता है। (अमेरिकी)
- व्यवहारवाद सम्प्रदाय मूर्त यथार्थ तथ्यों की व्याख्या करता है।
- इसके अनुसार मनोविज्ञान प्रकृति विज्ञान की एक विशुद्ध, प्रयोगात्मक शाखा है। जिसका उद्देश्य व्यवहार की व्याख्या, नियंत्रण और उसके विषय में भविष्यवाणी करना है।
- इसके अनुसार परिवेश में आवश्यक परिवर्तन करके किसी भी व्यक्ति को कुछ भी बनाया जा सकता है।
- समर्थक :- ईवान पेट्रोविच पावलव , सी. एल. हल, स्किनर, थार्न डाईक, बोरिंग , वुडवर्थ आदि।

5. गैस्टाल्ट वाद सम्प्रदाय –

- इस सम्प्रदाय के प्रतिपादक वर्दाइमर हैं। (जर्मनी विद्वान)
- समर्थक :- कोफ्का, कोहलर तथा कुर्त लेविन हैं।
- इस सम्प्रदाय का जन्म जर्मनी में लगभग 1912 ई. में हुआ।

गैस्टाल्ट शब्द – यह जर्मन भाषा का शब्द है जिसका अर्थ समग्र रूप / आकृति / संरचना/ पूर्णाकार होता है।

- इस सम्प्रदाय के अनुसार मनोविज्ञान को व्यवहार तथा अनुभव के प्रकार का अध्ययन करना चाहिए।
- वर्दिमर ने इस बात का खंडन किया कि प्राणी प्रयास व त्रुटी से सीखता है। इनका मानना था कि प्राणी का सीखना सूझ व अन्तः दृष्टि पर निर्भर करता है।
- पूर्व ज्ञान से सूझ पैदा होती है

  ↓

  इससे नया अनुभव आता है

  ↓

  अतः प्राणी सीखता है।

6. प्रेरक सम्प्रदाय

- इस सम्प्रदाय का प्रतिपादक विलियम मैक्डूगल है।

यह सम्प्रदाय मशीनी या व्यवहार-विचार के बिल्कुल विरुद्ध है। इसे प्रेरक इसलिए कहा जाता है क्योंकि यह प्रेरणा, कार्य करने या कार्य करने की इच्छा पर बल देता है।

7. मनोविश्लेषणात्मक सम्प्रदाय –

- इस सम्प्रदाय का प्रतिपादक सिगमंड फ्रायड को माना जाता है। (वियना – ऑस्ट्रिया निवासी)
- इस सम्प्रदाय में अचेतन एवं पूर्ण चेतन व्यवहार को सम्मिलित किया गया है।
- इस सम्प्रदाय में व्यवहार निर्धारण तथा व्यक्तित्व को निर्धारित करने वाली मूल प्रवृति कारक को भी महत्वपूर्ण स्थान दिया गया है।
- इस संप्रदाय में चेतन, अर्द्धचेतन, अचेतन, इदम, अहम्, पराअहम् जैसे विशेष शब्दों का प्रयोग किया गया है।
- इस संप्रदाय को और अधिक विकसित करने का श्रेय इनके शिष्य जुंग एवं पुत्री अन्नाफ्रायड को जाता है।

मनोविज्ञान की विशेषताएं / प्रकृति

(i) मनोविज्ञान एक अनुप्रयुक्त विज्ञान / व्यवहार का विज्ञान है।

(ii) मनोविज्ञान एक विधायक सकारात्मक विज्ञान है।

(iii) मनोविज्ञान में व्यक्ति के व्यवहार एवं पशु – पक्षियों का भी व्यवहार शामिल है।

(iv) यह भौतिक और सामाजिक दोनों प्रकार के वातावरण का अध्ययन करता है।

शिक्षा के प्रकार :-

1. औपचारिक - स्कूल,
2. अनौपचारिक - परिवार,
3. निरौपचारिक - पत्राचार।

(i) औपचारिक शिक्षा – जिसका समय व स्थान निश्चित हो। जैसे – स्कूल में शिक्षा
(ii) अनौपचारिक शिक्षा – जिसका स्थान व समय निश्चित न हो, जीवन पर्यन्त चलती है, जैसे – परिवार, समाज में।
(iii) निरौपचारिक शिक्षा – दूरस्थ शिक्षा, पत्राचार व खुले विद्यालय या कॉलेज द्वारा शिक्षा।

शिक्षा मनोविज्ञान :-

मनोविज्ञान के सिद्धांतों को शिक्षा के क्षेत्र में लागू करना ही शिक्षा मनोविज्ञान है।



शिक्षा मनोवज्ञान की उत्पत्ति –

- शिक्षा मनोविज्ञान के जनक – थार्नडाईक हैं इनपर प्रकृति वादी रूसो का प्रभाव था ।
- रूसों का शिक्षा पर लिखा गया प्रसिद्ध ग्रंथ- 'एमील (Emile) है।
- रूसो की बुक emil में लिखा था – बालक एक पुस्तक के समान होता है अतः शिक्षक को उसे मध्योपांत तक पढ़ना चाहिए ।
- मनोविज्ञान के सिद्धांतों को शिक्षा के क्षेत्र में लागू करना ही शिक्षा मनोविज्ञान है।
- कॉलसेनिक के अनुसार शिक्षा मनोविज्ञान का जन्म प्लेटो से हुआ।
- स्किनर के अनुसार शिक्षा मनोविज्ञान का जन्म अरस्तू से हुआ।
- शिक्षा मनोविज्ञान को लोकप्रिय/प्रचलित बनाने का कार्य रूसों व फ्रोबेल ने किया।
- शिक्षा मनोविज्ञान को मनोवैज्ञानिक स्वरूप प्रदान करने वाले विद्वान पेस्टॉलोजी एवं हरबर्ट हैं।
- आधुनिक शिक्षा मनोविज्ञान का जन्म अमेरिका में 1900 ई० में हुआ।
- शिक्षा मनोविज्ञान को एक अलग विषय के रूप में मान्यता 1920 ई. में अमेरिका में मिली।
- American Psychological Association America द्वारा 1940 में शिक्षा मनोविज्ञान पर सबसे पहले शोध कार्य प्रारंभ किया गया।
- अमेरिकी शिक्षा शास्त्री जॉन डी. वी. के प्रयोसों से शिक्षण –प्रशिक्षण शुरू हुए ।
- भारत में शिक्षण –प्रशिक्षण का कार्य – 1920 में शुरू हुआ।

शिक्षा मनोविज्ञान की परिभाषाएं -

- **क्रो एवं क्रो** "शिक्षा मनोविज्ञान बालक के जन्म से लेकर वृद्धावस्था तक सीखने के अनुभवों की व्याख्या एवं वर्णन करती है।"
- **कॉलसनिक** "शिक्षा मनोविज्ञान के अंतर्गत मनोविज्ञान के अनुसंधानों व सिद्धांतों का शिक्षा के क्षेत्र में अध्ययन किया जाता है।"
- **प्रो.एच.आर. भाटिया-** "शैक्षणिक पर्यावरण में किसी विद्यार्थी या व्यक्ति के व्यवहार का अध्ययन ही शिक्षा मनोविज्ञान है।"
- **स्किनर** "शिक्षा मनोविज्ञान के अंतर्गत शिक्षा से संबंधित संपूर्ण व्यवहार और व्यक्तित्व शामिल है।"
- **स्किनर** "शिक्षा मनोविज्ञान व्यक्तित्व के सभी पहलुओं से संबंधित है।"
- **स्किनर-** "शिक्षा मनोविज्ञान अध्यापकों की तैयारी की आधारशिला है।"

स्टीफन – "शिक्षा मनोविज्ञान बालक के क्रमबद्ध शैक्षिक विकास का अध्ययन है

मनोविज्ञान के घटक (चर) 5 हैं -

1. शिक्षक
2. विद्यार्थी (सबसे महत्वपूर्ण घटक)
3. परिस्थितियां
4. पाठ्यचर्या
5. शिक्षण विधियां।इन पांचों घटकों में विद्यार्थी (शिक्षार्थी) सबसे महत्वपूर्ण है।

शिक्षा मनोविज्ञान का क्षेत्र-

1. बालक की अभिवृद्धि व विकास का अध्ययन।
2. बालक की विशेष योग्यताओं का अध्ययन।
3. बालक की रूचियों, अभिरूचियों, अभिवृत्तियों, क्षमताओं, योग्यताओं, व्यक्तिगत विभिन्नताओं का अध्ययन
4. बालक के वंशानुक्रम व वातावरण का अध्ययन ।
5. बालक के शारीरिक, मानसिक, सामाजिक संवेगात्मक विकास का अध्ययन ।
6. विभिन्न शिक्षण विधियों का अध्ययन ।

अध्याय – 2

बाल विकास

- **वृद्धि एवं विकास की संकल्पना -**
- **विकास के विभिन्न आयाम एवं सिद्धांत**
- **विकास को प्रभावित करने वाले कारक**
- **अधिगम से उनका सम्बन्ध**

विकास – विकास को हम एक अवधारणा से कहीं अधिक कह सकते हैं यह कई संरचनाओं और कार्यों को एकीकृत करने की एक जटिल प्रक्रिया है।

- इस विकास की प्रक्रिया के अन्तर्गत शारीरिक, मानसिक, संवेगात्मक ,सामाजिक आदि सभी विकास सम्मिलित होते हैं।
- इसके अतिरिक्त अप्रत्यक्ष रूप से विकास की प्रक्रिया में नैतिक, चारित्रिक तथा भावात्मक विकास इत्यादि सम्मिलित होते हैं।

क्लार्क जे. के अनुसार "विकास बदलाव की ऐसी प्रक्रिया है जो व्यक्ति को इस योग्य बनाती है की वे स्वयं के भाग्य विधाता बन सकें तथा अपने अन्दर की समस्त संभावनाओं को पहचान सकें।"

रॉय एंड राबिन्सन – "किसी भी देश के लोगों के भौतिक, सामाजिक व राजनितिक स्तर पर सकारात्मक बदलाव ही विकास है।"

मुनरो के अनुसार - विकास परिवर्तन श्रृंखला की वह अवस्था है, जिसमें बच्चा भ्रूण अवस्था से प्रौढ़ अवस्था तक गुजरता है।

हरलॉक – विकास व्यक्ति में नवीन विशेषताओं व योग्यता को प्रस्तुत करता है।

वुडवर्थ – एक बालक का विकास उसके वंशानुक्रम एवं वातावरण का गुणनफल होता है।

note:-विकास वंशक्रम और वातावरण का गुणनफल होता हैं योगफल नहीं।

विकास = वंशानुक्रम x वातावरण
D = H x E

बाल विकास -

अर्थ :- गर्भाकाल से लेकर परिपक्व अवस्था तक का अध्ययन बाल विकास कहलाता है। बालक विकास की प्रक्रिया में विकास के अन्तर्गत किसी बालक का सम्पूर्ण विकास सम्मिलित होता है।

बाल विकास का इतिहास :-

पहली बार 1628 ई. में यूरोपियन विद्वान जॉन कॉमेनियम ने School of Infancy की स्थापना की तथा बाल शिक्षा की तरफ ध्यान दिलाया था तथा बालक को केंद्र समझकर उनके बारे में सोचा। (पुस्तक – The Great Detective)

रूसो ने पुस्तक - EMILE में बच्चों की शिक्षा का अध्ययन किया है।

- काल्पनिक शिष्य का नाम भी EMILE था।
- बाल विकास का वैज्ञानिक अध्ययन करने वाला व्यक्ति – पेस्टोलॉजी थे जिन्होंने प्रथम बार बालक के विकास को लेकर विचार दिया।
- 1774 ई. में अपने ही $3\frac{1}{2}$ वर्षीय पुत्र का अध्ययन किया और उसके विकास को समझते हुए baby biography नामक लेख लिखा अतः बाल मनोविज्ञान के जनक – पेस्टोलॉजी
- पेस्टो लॉजी के लेख को जर्मनी के बाल रोग विशेषज्ञ टाइडमेन ने पढ़ा व समझा तथा उसके आधार पर 'बाल चिकित्सा अनोविज्ञान' की विचारधारा का विकास किया।(बाल चिकित्सा मनोविज्ञान के जनक- टाइडमेन)
- 19 वीं सदी में श्रीमती हरलॉक ने विचार दिया कि एक बालक का विकास गर्भ काल से ही प्रारम्भ हो जाता है।

note : – जब हम बालक के विकास का अध्ययन जन्म के बाद की अवस्थाओं को लेकर करते हैं तो यह बाल मनोविज्ञान कहलाता है और अगर जन्म से पूर्व गर्भावस्था से अध्ययन किया जाता है तो बाल विकास कहलाता है।

- बाल अध्ययन आंदोलन की शुरुआत - अमेरिका में 1893, स्टेनले हॉल ने की थी।
- स्टेनले हॉल ने बाल अध्ययन समिति और बालक कल्याण संगठन की स्थापना की तथा पेडोलोजिकल सेमीनरी नामक पत्रिका में बाल विकास का अध्ययन किया है।
- प्रथम बाल सुधार गृह की स्थापना - अमेरिका (न्यूयार्क) में 1887 मे हुई थी
- प्रथम बाल निदेशन केंद्र - विलियम हीली - शिकागो 1909
- भारत में बाल अध्ययन की शुरुआत – 1930

बाल विकास की परिभाषा :-

- **हरलॉक –** विकास केवल अभिवृद्धि तक ही सीमित नहीं है यह तो परिपक्वता की दिशा में होने वाले परिवर्तनों का प्रगतिशील क्रम है, जिसके द्वारा एक बालक में नई – नई विशेषताएं एवं योग्यताएं प्रकट होती हैं।
- **एंड क्रो –** गर्भावस्था के प्रारंभ से लेकर किशोरावस्था तक बालक के व्यवहार में होने वाले परिवर्तनों का अध्ययन ही बाल विकास है।
- **मुनरो के अनुसार -** विकास परिवर्तन श्रृंखला की वह अवस्था है, जिसमें बच्चा भ्रूण अवस्था से प्रौढ़ अवस्था तक गुजरता है।
- **हरलॉक –** विकास व्यक्ति में नवीन विशेषताओं व योग्यता को प्रस्तुत करता है।
- **बर्क के अनुसार –** जन्म पूर्व की अवस्था से लेकर परिपक्वता की अवस्था तक का अध्ययन बालविकास होता है।

- **क्रो एण्ड क्रो के अनुसार –** बाल मनोविज्ञान वह वैज्ञानिक अध्ययन है जिसमें गर्भाकाल से लेकर किशोरावस्था के मध्य तक का अध्ययन किया जाता है।
- **जेम्स ड्रेवर के अनुसार –** बाल मनोविज्ञान मनोविज्ञान की वह शाखा है जिसमें जन्म से लेकर परिपक्व अवस्था तक विकासशील मानव का अध्ययन किया जाता है।

❖ वृद्धि / अभिवृद्धि (Growth)

सामान्य रूप से व्यवहारिक शब्दावलियो में जिस के लिए वृद्धि का प्रयोग किया जाता हैं । वह प्रक्रिया मनोवैज्ञानिक परिक्षेपो में अभिवृद्धि की प्रक्रिया कहलाती हैं ।

- अभिवृद्धि की प्रक्रिया के अन्तर्गत किसी भी बालक का शारीरिक पक्ष सम्मिलत होता है अर्थात् किसी बालक के शरीर की ऊँचाई, आकार तथा भार आदि प्रक्रमों परिवर्तन देखा जाता हैं, अभिवृद्धि कहलाती है।
- फेंक महोदय के अनुसार "अभिवृद्धि cellular Multiplication अर्थात कोशकीय वृद्धि कहा है।

अभिवृद्धि तथा विकास में अन्तर

- अभिवृद्धि की प्रक्रिया में शारीरिक पक्ष में लम्बाई, चौड़ाई भार इत्यादि सम्मिलित होते हैं।
- विकास - बालक विकास की प्रक्रिया में विकास के अन्तर्गत किसी बालक का सम्पूर्ण विकास सम्मिलित होता है।
- इस विकास की प्रक्रिया के अन्तर्गत शारीरिक, मानसिक संवेगात्मक सामाजिक आदि सभी विकास सम्मिलित होते हैं।
- इसके अतिरिक्त अप्रत्यक्ष रूप से विकास की प्रक्रिया में नैतिक, चारित्रिक तथा भावात्मक विकास इत्यादि में सम्मिलित होते हैं।
- अभिवृद्धि की प्रक्रिया में सम्मिलित शारीरिक विकास तथा विकास की प्रक्रिया में सम्मिलित शारीरिक विकास में अन्तर पाया जाता है।
- अभिवृद्धि का शारीरिक विकास केवल वृद्धि (बढना) तथा क्षय (घटना) को प्रदर्शित करता है। जबकि विकास का शारीरिक विकास वृद्धि तथा क्षय को प्रदर्शित करता है।

Growth (अभिवृद्धि)	Development (विकास)
• अभिवृद्धि किसी बालक के केवल शारीरिक पक्षों से संबंधित है ।	• विकास की प्रक्रिया में शारीरिक, मानसिक, सामाजिक सभी प्रकार के विकास होते हैं ।
• अभिवृद्धि की जन्म से लेकर एक निश्चित समय तक चलती हैं यह निरंतर प्रक्रिया नहीं है ।	• इसमें जन्म से लेकर जीवन पर्यंत चलने वाली प्रक्रिया है।
• अभिवृद्धि की प्रक्रिया एकांकी होती है ।	• विकास की प्रकिया का द्रष्टिकोण सर्वांगीण होता है ।
• अभिवृद्धि- परिमाणात्मक रूप को परिवर्तित करती है ।	• विकास की प्रक्रिया बालक के गुणात्मक रूप को व्यक्त करती है
• अभिवृद्धि की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा जा सकता है ।	• विकास की प्रक्रिया को प्रत्यक्ष रूप से देखा नहीं जा सकता है और न ही इसे मापा- तौला जा सकता है ।
• अभिवृद्धि की प्रक्रिया को मापा – तौला जा सकता है ।	• विकास का घटक अर्जित होता है ।
• अभिवृद्धि का घटक जन्म जात होता है।	• विकास की प्रक्रिया अभिवृद्धि के अंतर्गत सम्मिलित होती है ।
• अभिवृद्धि की प्रक्रिया विकास के अंतर्गत सम्मिलित होती हैं ।	• विकास की प्रक्रिया अभिवृद्धि के अंतर्गत सम्मिलित नहीं होती है

❖ बाल विकास की विभिन्न अवस्थाएं -

1. शैश्वावस्था (जन्म – 6 वर्ष)

Infancy → In fant + Infarty

- पूर्व शेश्वावस्था (जन्म- 2 वर्ष)
- मध्य शेश्वावस्था (2-4वर्ष)
- उत्तर शेश्वसथा (4-6 वर्ष)

2. बाल्यावस्था (6-12वर्ष)

- पूर्व बाल्यावस्था (6-8 वर्ष)
- मध्य बाल्यावस्था (8-10 वर्ष)
- उ. बाल्यावस्था (10-12 वर्ष)

3. किशोरावस्था (12-18 वर्ष)

- पू.किशोरावस्था (12-14 वर्ष)
- म.किशोरावस्था (14-16 वर्ष)
- उ.किशोरावस्था (1618वर्ष)

महत्वपूर्ण कथन :-

न्यूमैन के अनुसार :- "5 वर्ष की अवस्था बालक के शरीर व मस्तिष्क के लिए बड़ी ग्रहणशील होती है।"

फ्रायड के अनुसार :- "बालक को जो कुछ भी बनना होता है, वह प्रथम 4 या 5 वर्षों में बन जाता है।"

रूसो के अनुसार :- "बालक के हाथ, पैर, नेत्र प्रारम्भिक शिक्षक होते हैं।"

थॉर्नडाईक के अनुसार :- "3 से 6 वर्ष के बच्चे अर्द्धस्वप्न अवस्था में होते हैं।"

क्रो एण्ड क्रो के अनुसार :- "20 वीं शताब्दी को बालकों की शताब्दी कहा गया है।"

किशोरावस्था के नाम से पुकारते है। इस समय इन्हें सही दिशा दी जाये तो ये सफलता को प्राप्त करते है।

जरशील्ड –किशोरावस्था बाल्यावस्था से निकलकर आई परिपक्वता की अवस्था है।

क्रो एवं क्रो – किशोरावस्था वर्तमान की शक्ति और भविष्य की आशा प्रस्तुत करती है।

कॉलसेनिक – किशोरावस्था के लोग प्रोढ़ों को अपने मार्ग में बाधा समझते हैं और वे उन्हें लक्ष्य की प्राप्ति से रोकते हैं।

रॉस – किशोरावस्था के लोग सेवा के आदर्शों की स्थापना एवं पोषण करते हैं।

अन्य नाम -

- तूफान, तनाव, संघर्ष की अवस्था
- भयभीत अवस्था
- teen एज
- कल्पना के जन्म का दिन
- कामूकता के जागरण की अवस्था
- क्रांतिक अवस्था
- उलझन / अटपटी अवस्था
- बसंत ऋतु की अवस्था
- सुनहरी अवस्था
- दु:खदायी अवस्था (स्टेन हॉल द्वारा)
- समस्या अवस्था (हरलॉक द्वारा)

किशोरावस्था के सिद्धांत – मुख्यत: किशोरावस्था के 6 सिद्धांत हैं-

(i) आकस्मिक विकास सिद्धांत
(ii) क्रमिक विकास सिद्धांत
(iii) सामाजिक प्रक्षेण सिद्धांत
(iv) मनोसामाजिक विकास सिद्धांत
(v) मनोलैंगिक विकास सिद्धांत
(vi) मानवशास्त्रीय विकास सिद्धांत

किशोरावस्था की समस्याएं

(i) शारीरिक परिवर्तन की समस्या
(ii) महत्वाकांक्षा की समस्या
(iii) समायोजन की समस्या
(iv) अस्थिरता
(v) अपराध प्रवृत्ति
(vi) नशाविकार / उपचार समस्या
(vii) आहार विकार की समस्याएं

✓ बिन इटिंग डिसऑर्डर – हर समय अधिक भोजन करना बिना टेंशन के

किशोरावस्था की विशेषताएं – किशोरावस्था के आते ही किशोर के शरीर में कठोरता आना , आवाज में भारीपन आना , लैंगिक अंगों का पूर्ण विकास तथा किशोरी में भी शारीरिक परिवर्तन, मासिक धर्म की शुरुआत होना इस बात का परिचय होता है कि उनमें परिपक्वता आ चुकी है, साथ ही उनके शरीर से एक विशेष प्रकार की गंध आने लगती है,जो उनमें कोतुहल पैदा करती है। इस कारण उनमें कई **विशेषताएं पैदा होने लगती हैं** -

(i) शारीरिक व मानसिक विकास अधिकतम हो जाता है।
(ii) दिवास्वप्न –कई प्रकार की कोरी कल्पनाएँ करने लगते हैं।
(iii) व्यक्तिगत / घनिष्ठ मित्रता
(iv) संवेगात्मक अस्थिरता
(v) नायक / वीर पूजा
(vi) समाजसेवा की भावना
(vii) स्वतंत्रता / विद्रोह की भावना
(viii) आत्मसम्मान / आत्म चेतना की भावना
(ix) काम प्रवृत्ति की परिपक्वता
(x) ईश्वर / धर्म में विश्वास
(xi) आर्थिक सुरक्षा व दिखावटी पन की भावना
(xii) विषमलिंगी की ओर आकर्षण
(xiii) नैतिक विकास होता है।
(xiv) विरोधी भाव उत्पन्न होने लगता है।

शिक्षा देना-

(i) निर्देशन व परामर्श निरन्तर देना चाहिए।
(ii) अभिप्रेरणा देना – (सकारात्मक रूप में)
(iii) व्यक्तिगत उदाहरण देना
(iv) शारीरिक व मानसिक विकास कराना
(v) संवेगात्मक विकास कराना
(vi) व्यवसायिक शिक्षा का निर्देशन
(vii) जीवन कौशल सिखाना
(viii) जीवन दर्शन की शिक्षा
(ix) महत्व को मान्यता
(x) आदर्शशील बनाना

बाल विकास के विभिन्न आयाम

मानसिक विकास – बाल विकास की प्रक्रिया में सामान्य रूपों में जिसे हम बौद्धिक विकास कहते हैं। मनोवैज्ञानिक परिक्षेत्रों में मानसिक विकास होता है।

- किसी बालक, बालिकाओं में प्रारम्भिक समय में मानसिक शक्तियों का हृदय होता है। तत्पश्चात मानसिक शक्ति या पुष्टि होती है। धीरे-धीरे करके अपने चरण तक पहुँच जाता है।
- मानसिक प्रक्रिया के विकास के अन्तर्गत जो मस्तिष्क का कार्यभार होता है। उसे प्रमस्तिष्क कहते हैं।
- मानसिक विकास को जन्म के समय प्रमस्तिष्क का 50% भाग ही विकसित होता है। तथा शेष 50% भाग किसी

- इन संवेगो में जब पुण्टता के भाव आ जाते है। तब ये संवेग भाव रूप में परिवर्तित हो जाते हैं।
- संवेगात्मक परिक्षेत्रों में बालक तथा बालिकाओं में शारीरिक तथा मानसिक दोनों ही पक्ष सम्मिलित होते हैं।

शैशवावस्था में सांवेगिक विकास - शैशवावस्था के काल में संवेगात्मक विकास के परिक्षेत्रों में यह कहा जाता है। किसी भी बालक में संवेगात्मक विकास की क्रिया शैशवावस्था से ही सम्मिलित रहती है। तथा उनमें क्रमिक विकास होता रहता है।

शैशवावस्था के संवेगात्मक विकास के परिक्षेत्रो में ब्रीजेज का नाम अत्यन्त प्रसिद्ध है। जिनके अनुसार जन्म के समय किसी भी बालक मे केवल उत्तेजना होती है। जबकि 2 वर्ष की अवस्था में किसी बालक या बालिका में संवेगों का पूर्ण विकास हो जाता है ।

जन्म के समय	***उत्तेजना***
3 माह की आयु में	उत्तेजना, कष्ट, प्रसन्नता
6 माह की आयु में	उत्तेजना, कष्ट, प्रसन्नता, भय, घ्रण्णा, क्रोध
12 माह की आयु में	उत्तेजना, कष्ट, प्रसन्नता, भय, घ्रण्णा, क्रोध आनंद, स्नेह, ईर्षा
24 माह की आयु में	उत्तेजना, कष्ट, प्रसन्नता, भय, घ्रण्णा, क्रोध आनंद, स्नेह, ईर्षा, उल्लास

इसके अतिरिक्त मैकडूगल ने 14 मूल प्रवृत्तियों के आधार पर 14 संवेग स्वीकार किये ।

- शैशवावस्था के प्रारम्भिक समय में तीव्रता रहती है। लेकिन धीरे-2 तीव्रता समाप्त हो जाती है। जैसे- 6-7 माह का बालक जब तक रोता है। जब तक उसकी भूख शांत नहीं हो जाती ।
- जबकि 6-7 वर्ष का बालक ऐसा व्यवहार नहीं करता है
- शैशवावस्था में संवेगात्मक व्यवहार शिशु के रोने चिल्लाने, हाथ पकड़ने आदि से प्रकट होता है।
- सिग्मण्ड फ्राइड के अनुसार, शैशवावस्था में बालक होता है। जिसे आत्मप्रेम या आत्मकेंद्र कहा जाता है। जो आगे चलकर लडको को odipus Complex (मात् प्रेम पित्र विरोध) एवं लड़कियों मे Electra Complex (पितृ प्रेम मात् विरोध) की भावना आ जाती है।

बाल्यावस्था सांवेगिक विकास

बाल्यावस्था के प्रारम्भिक समय में बालक एवं बालिकाओं में संवेग बने रहते हैं। जबकि उत्तर कालीन समय में ये संवेग धीरे-2 भावों के रूप में परिवर्तित होने लगते हैं। बाल्यावस्था वो काल है जहां पर बालक बालिकाओ में वास्तविक जीवन सामाजिक विकास प्रारम्भ हो जाता है। जिससे समूह का विकास हो जाता है। जिसका स्पष्ट प्रभाव बालक, बालिका को सामूहिक क्षेत्रों पर पड़ता है।

- बाल्यावस्था के संवेगात्मक विकास को बालको का अनोखा काल कॉल एण्ड बुश ने कहा था ।
- बाल्यावस्था के काल में बालक या बालिकाओं के संवेगों में अधिक निश्चितता एवं कम उग्रता आ जाती हैं ।
- इस अवस्था में बालक एवं बालिकाओं में शिष्टता के संवेग आ जाते हैं। साथ ही बालक एवं बालिकाओं में संवेगो को द्रवित करने की शक्ति का विकास हो जाता है ।
- सांवेगिक, विकास में बाल्यावस्था के काल में, बालक एवं बालिकाओं में ईर्ष्या तथा द्वेष इत्यादि संवेगों का विकास हो जाता है।
- बाल्यावस्था के भावात्मक विकास के परिक्षेत्रों में विद्यालय तथा शिक्षकों का महत्वपूर्ण प्रभाव पड़ता है। बाल्यावस्था के प्रारम्भिक समय मे इच्छा पूर्ति न होने पर बालक तथा बालिकाएं क्रोध से ग्रसित हो जाते हैं। जबकि उत्तर कालीन समय में स्वतन्त्रता हनन के पश्चात साँवेगिक विकास के परिक्षेत्रों में लड़के क्षुब्ध एवं उदास हो जाते हैं। जबकि लड़किया रोने लगती है।
- बाल्यावस्था में कब, क्यो, कहा कैसे इत्यादि संवेगो का जन्म हो जाता है । जिस कारण बाल्यावस्था के काल में जिज्ञासा की प्रवृति तीव्र होती है। तथा बालक एवं बालिकाओ के जीवन को परिपृच्छा काल कहा जाता है।

विकास के सिद्धान्त

1. शारीरिक विकास
2. मानसिक विकास
3. सामाजिक विकास
4. संवेगिक विकास
5. नैतिक विकास
6. चारित्रिक विकास
7. भावात्मक विकास

❖ विकास के पहलू

शारीरिक विकास :-

i. शैशव अवस्था में शारीरिक विकास :-

- भार :-जैसे जन्म के समय लड़के का बजन अनुमानत : 7.15 पौन्ड व लड़की का बजन 7.13 पौन्ड, 5, वर्ष तक 38 से 43 पौण्ड हो जाता है। (औसत भार 7 पौण्ड)
- लम्बाई :- जन्म के समय अनुमानत: लड़के की - 20.5 ईच, लड़की की - 20.3 ईच। (औसत लम्बाई 50 सेमी.)
- सिर व मस्तिष्क का बजन :- कुल शरीर भाग का 25 प्रतिशत या 1/4
  वजन - 350 ग्राम ।
  विकसित 90 प्रतिशत 5 वर्ष तक।
- हड्डीयां - 270, कोमल व लचीली होती है।

- **दांत** - दूध के दांत 6 महीने से शुरू होते है, नीचे के दांत पहले आते हैं, 4 वर्ष तक कुल 20 हो जाते हैं जिन्हें दूध के या अस्थायी दांत कहते है। बालक की अपेक्षा बालिका में दांत जल्दी आते है। दांत जल्दी निकलने में केल्शियम (CI)उपयोगी होता है।
- मांसपेशिया :- कुल शरीर भार का जन्म के समय 23 प्रतिशत होती हैं।
- हृदय की धड़कन :- जन्म के समय 1 / 140 बार, 6 वर्ष तक 1/100 हो जाती हैं।

ii. बाल्यावस्था में शारीरिक विकास :-

- भार :- 80 से 90 पॉण्ड के मध्य, 10 वर्ष के बाद लड़कियों का वजन बढता है।
- लंबाई :- 6 - 12 के मध्य 2 - 3 ईंच की वृद्धि होती हैं।
- सिर व मस्तिष्क का वजन :- 1260 ग्राम / 95 प्रतिशत विकसित 10 वर्ष तक।
- हड्डीयां :- कुल 350
- दांत :- स्थायी दांत संख्या 27 से 28
- मांसपेशियां :- कुल शरीर भाग का 27 प्रतिशत, 9 वर्ष तक
- हृदय की धड़कन :- एक मिनट में 85 बार।

iii. किशोरवस्था में शारीरिक विकास :-

- भार :- लड़के का वजन लड़की की अपेक्षा 25 पॉण्ड अधिक होता हैं।
- लंबाई :- लड़कियों की लंबाई 16 वर्ष तक, लड़कों की लंबाई 18 से 21 वर्ष तक, सर्वाधिक लंबाई इस अवस्था में बढ़ती हैं।
- सिर व मस्तिष्क का वजन :- 1350 ग्राम (1200 से 1400) 100 प्रतिशत विकास।
- हड्डीयां - कुल 206
- दांत :- प्रज्ञा दंत - 32
- मांसपेशियां :- कुल शरीर भाग का 44 प्रतिशत।
- हृदय की धड़कन :- 72 बार।

शारीरिक विकास को प्रभावित करने वाले कारक :-

1. वंशानुक्रम।
2. वातावरण।
3. पौष्टिक भोजन।
4. नियमित दिनचर्या।
5. खेलकुद व योग का प्रभाव।

मानसिक विकास :-

i. शैशव अवस्था में मानसिक विकास :-

मानसिक क्रियाएं :- संवेदना, प्रत्यक्षीकरण, तर्क, चिन्तन, कल्पना, स्मृति, ध्यान, भाषा।

जॉन लॉक के अनुसार :- जन्म के समय बालक का मन मस्तिष्क कोरे कागज के समान होता है, जिस पर वह अपना अनुभव लिखता है।

- 1 वर्ष का बालक :- 3 से 4 शब्द बोलना, दूसरों की क्रियाओं का अनुकरण करना।
- 2 वर्ष का बालक :- 100 से 200 शब्द, दो शब्दों का वाक्य बनाना।
- 3 वर्ष का बालक :- नाम बताना व रेखाएं खींचना, 896 शब्द।
- 4 वर्ष का बालक :- लिखना शुरुआत कर देगा, वस्तुओं को क्रमबद्ध रूप से रखना, 1540 शब्द।
- 5 वर्ष का बालक :- 10-11 शब्दों का वाक्य बनाएगा, रंगों को पहचानना।

ii. बाल्यावस्था में मानसिक विकास :- क्रो एण्ड क्रो के अनुसार :- बालक जब 6 वर्ष का हो जाता है तो उसकी मानसिक शक्तियों का विकास अधिकतम हो जाता हैं।

- 6 वर्ष का बालक :- 14 तक गिनती करना, सरल प्रश्नों के उत्तर देना , शरीर के अंगो के नाम बताना।
- 7 वर्ष का बालक :- तुलना व सामान्यता बताना।
- 8 वर्ष का बालक :- कविता व कहानियों को दोहराना 16 शब्दों का वाक्य बनाना।
- 9 वर्ष का बालक :- दिनांक, समय तथा सिक्कों का ज्ञान। देखी गई फिल्म की 60 प्रतिशत बातें बता देती हैं।
- 10 वर्ष का बालक :- तीन मिनट में 60 - 70 शब्द बोल देना, तथा दैनिक जीवन के नियम तथा परम्पराओं का ज्ञान, 5400 शब्द।
- 11 वर्ष का बालक :- तर्क, जिज्ञासा, निरीक्षण शक्ति का विकास।
- 12 वर्ष का बालक : - समस्या समाधान तथा निर्णय करने की शक्ति का विकास। 7200 शब्द

iii. किशोरावस्था में मानसिक विकास :-

वुडवर्थ के अनुसार :- किशोरवस्था में मानसिक विकास उच्चतम सीमा तक पहुंच जाता हैं।

